Regarding need to establish a Commission for Conservation and Protection of Cows- laid

श्री नीरज मौर्य **(**आंवला**) :** मेरे निर्वाचन क्षेत्र आंवला सहित उत्तर प्रदेश के साथ साथ पूरे देश में गौवंश सड़कों पर आवारा छुट्टा पशु के रूप में परेशान हो रहा है । जहाँ-जहाँ गोवंश संरक्षण केंद्र, गौशाला बनाए गए हैं वहाँ पर भी हमारी गाय माता भूखों तड़प कर मर रही है व इस कारण से हमारे अन्नदाता किसान भाई भी दुखी व परेशान हैं । अभी हाल ही में मेरे क्षेत्र आंवला में गौशाला के अंदर भूख और बीमारी के कारण लगभग 25 गाय मर गईं, जो दुखद है इसको लेकर वहाँ के किसानों में बहुत आक्रोश है । अतः मैं सरकार से मांग करता हूँ कि पूरे देश के लिए एक गौवंश संरक्षण आयोग बनाया जाए जो इस समस्या का निवारण करे और किसान भाइयों की इस बड़ी समस्या का समाधान भी कराएं ।